पीएम अलीगढ़ नोड का शुभारंभ करेंगे

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

यूपीडा और इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के बीच शुक्रवार को एमओयू किया गया।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक एक्सप्रेस-वे विकास प्राधिकरण (यूपीडा) और सोसाइटी ऑफ़ इंडियन डिफेन्स मैन्युफ़ैक्चरर्स के बीच शुक्रवार को एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अवनीश अवस्थी ने कहा है कि एमओयू के तहत एसआईडीएम के माध्यम से लगभग 1000 करोड़ रुपये के निवेश की सम्भावना है। अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अलीगढ़ नोड के शुभारम्भ किए जाने की उम्मीद है।

इसके तहत उत्तर प्रदेश को रक्षा उद्योग के गढ़ के रूप में स्थापित करने के लिए विभिन्न एमएसएमई, स्टार्टअप, रक्षा औद्योगिक इकाइयां को महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस एमओयू के माध्यम से प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स महानिदेशक सुनील मिश्रा और एसआईडीएम यूपी चैप्टर के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल और सीआईआई उत्तरी क्षेत्र रक्षा और एयरोस्पेस समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता के साथ उपस्थित रहे।